कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2019/969 लखनऊःदिनांक 02 मई 2019

यू0पी0 नीट पी0जी0–2019 के अन्तर्गत माप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस) में प्रवेश हेतु माप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

माप–अप राउन्ड हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि	दिनांक 03 मई 2019 पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 07 मई, 2019 अपरान्ह 2:00 बजे तक
मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि	दिनांक 07 मई 2019
राजकीय मेडिकल/डेंटल कालेज की सीटों के आवंटन की तिथि	दिनांक 08 मई 2019 मघ्यान्ह 12:00 बजे से
निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों के आवंटन की तिथि	दिनांक 09/10 मई 2019
निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों के आवंटन की तिथि	दिनांक 11 मई 2019
प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि	आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission

- मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा।
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे नीट यू0पी0 पी0जी0 2019 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- नीट यू0पी0 पी0जी0 2019 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 1000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेब–साईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण कराना होगा।
- राजकीय क्षेत्र के सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र की एम0डी0एस0 सीटों हेतु रू0 1,50,000/– (रू0 एक लाख पचास हजार मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash) में नही जमा की जायेगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व की काउंसलिंग से जमा है, उन्हे पुनः सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही है।
- आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश के संबंध में विचार नही किया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में आंवटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित कालेज का शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट क्लीनिकल सीट हेतु रू0 14.00 लाख का नान–क्लीनिकल सीट हेतु रू0 8.00 लाख का एवं निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजो में प्रवेश के समय ही रू0 4.00 लाख का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थी द्वारा निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेंटल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित मेडिकल/डेंटल कालेज में जमा की जायेगी।
- मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध होने तक ही की जायेगी।

- यदि मॉप–अप राउन्ड के सम्पन्न होने के पश्चात् निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेंटल कालेज/विश्वविद्यालय की सीटें यदि रिक्त रह जाती है तो ऐसी सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से पंजीकरण के समय ही विकल्प प्राप्त किया जायेगा।
- यदि भारत सरकार द्वारा तिथियों में परिवर्तन किया जाता है या परसेनटाईल कम किया जाता है तो विभागीय वेब–साईट ***www.updgme.in*** **पर सूचनायें प्रदर्शित की जायेगी।**
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक